एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

ब्रह्मास्त्र में मुख्य विलेन का रोल मिलने से हैरान थीं मौनी रॉय

अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही फिल्म ब्रह्मास्त्र शुरुआत से ही ही चर्चा में रही है. फिल्म को लेकर लोगों में इसलिए भी उत्सुकता है क्योंकि इसमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट एक साथ नज़र आने वाले हैं. इस फिल्म में टीवी की नागिन यानी छोटे परदे से बड़े परदे तक का सफर तय कर चुकीं मशहूर अभिनेत्री मौनी रॉय भी अहम रोल में नज़र आएंगी.

मौनी इस फिल्म में अहम रोल मिलने से सातवें आसमान पर हैं. फिल्म में वो विलेन का किरदार निभा रही हैं. हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं फिल्म में मुख्य विलेन का किरदार निभा रही हूं. मैं इसको लेकर काफी उत्साहित हूं. अलग तरह के किरदार निभाने से चुनौती मिलती है वो मेरे लिए अच्छी है. शुरुआत में तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि वो चाहते हैं कि मैं विलेन का किरदार अदा करूं. मौनी ने कहा, अयान मुखर्जी ने नागिन में कुछ ऐसा देखा जिससे उन्हें लगा कि मैं विलेन का किरदार निभा सकती हूं. इसलिए आप नहीं जानते कि कब क्या हो जाए. एक अभिनेता के तौर पर आपको एक्सपेरिमेंट करते रहना चाहिए वरना आप न कुछ सीख पाएंगे और न ही आगे बढ़ पाएंगे. आपको बता दें कि इस फिल्म में रणबीर, आलिया और मौनी के अलावा महानायक अमिताभ बच्चन, डिंपल कपाड़िया और नागार्जुन भी अहम भूमिका में नज़र आएंगे. ये तीन फिल्मों की सीरीज़ के तौर पर आएगी. इसका निर्माण धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले हो रहा है. फिल्म अगले साल रिलीज़ होगी.

बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री बहुत ही कड़वे अनुभवों के कारण बनाई दूरियां: नीरू बाजवा



नीरू बाजवा ने साल 1998 में आई देवानंद की फिल्म में सोलह बरस की से हिंदी फिल्म जगत में शुरुआत की थी और अब वह पंजाबी फिल्म जगत का एक मशहूर चेहरा हैं. अभिनेत्री ने कहा कि बॉलीवुड में अश्लील अनुभव से गुजरने के बाद उन्होंने बॉलीवुड में काम करना बंद कर दिया.

लेटेस्ट पंजाबी फिल्म शदा में नीरू बाजवा ने दिलजीत दोसांझ के साथ काम किया है. फिलहाल बीते कुछ दिनों से वह फिल्म के प्रोमोशन में लगी हैं.

नीरू से पूछा गया कि उन्होंने बॉलीवुड में आगे अपनी किस्मत क्यों नहीं आजमाई? इस पर अभिनेत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, मैं बिना किसी का नाम लिए यह बताना चाहूंगी कि मैं हिंदी फिल्मों को लेकर होने वाले मीटिंग के दौरान बहुत ही अश्लील अनुभवों से गुजरी हूं. मुझसे कहा गया कि, यहां बने रहने के लिए आपको यह करना होगा, इससे मैं काफी हिल गई, बहुत असहज हुई.

मेल करा दे रब्बा और जिह्ने मेरा दिल लुटेया जैसी फिल्मों में अभिनय से कई अवार्ड अपने नाम करने वाली अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं यह नहीं कह रही हूं कि इंडस्ट्री ऐसे ही काम करता है, लेकिन मैं उन अभागी अभिनेत्रियों में से हूं, जिन्हें ऐसे कड़वे अनुभवों से गुजरना पड़ा. उसके बाद से मैंने बॉलीवुड में अपनी किस्मत नहीं आजमाई और न ही कभी आजमाउंगी. मैं अपनी पंजाबी सिनेमा स्पेस में खुश हूं.

आपको बता दें कि सदा फिल्म की कहानी पंजाब की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शादी नहीं करना चाहती और इस फैसले के लिए समाज और उसका परिवार उसकी आलोचना करता है.

व्यक्तिगत तौर पर नीरू का मानना है कि वह समाज के शादी करने के टाइमलाइन को नहीं मानती हैं. चार वर्षीय बेटी की मां नीरू अपनी बेटी को भी आत्मनिर्भर बनाना चाहती हैं.



अंगूरी भाभी ने कराया बोल्ड फोटोशूट

आए दिन किसी ना किसी टीवी एक्ट्रेस की बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती ही रहती हैं. वहीं हाल ही में टीवी के सबसे मशहूर कॉमेडी शो भाबी जी घर पर हैं की अंगूरी भाभी यानी अभिनेत्री शुभांगी आत्रे की बोल्ड तस्वीरें सामने आई हैं. ये तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर की हैं. जिसमें साड़ी वाली अंगूरी भाभी का ग्लैमरस अवतार देखने को मिल रहा है. अंगूरी भाभी का बदला अंदाज देखकर सभी हैरान हैं. इस तस्वीर में जहां एक तरफ लोग उनकी तारीफें कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ उन्हें काफी भद्दे कमेंट्स भी मिल रहे हैं. शुभांगी ने हाल ही में एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वो एक सफेद रंग की शर्ट में नजर आ रही हैं और उन्होंने इसके साथ ब्लैक नेट हॉट पैंट पहन रखा है. शुभांगी बेशक इस तस्वीर में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं. उन्हें काफी तारीफें भी मिल रही हैं लेकिन शर्ट को लेकर शुभांगी को ट्रोल किया जा रहा है. दरअसल, उनकी शर्ट पर किसी न्यूज पेपर की तरह प्रिंट बनी हुई है. जिसके चलते लोग उनसे पूछ रहे हैं कि उन्होंने न्यूज पेपर क्यों पहन रखा है? इसके अलावा उनकी छोटी पैंट पर भी लोग कमेंट कर रहे हैं. शुभांगी इससे पहले भी अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती नजर आ चुकी हैं. उनका हॉट अवतार काफी पसंद किया जाता है लेकिन ट्रोल्स की भी कमी नहीं है. हालांकि शुभांगी इन ट्रोल्स की कभी परवाह नहीं करतीं. बोल्ड फोटोशूट के अलावा भाबी जी घर पर हैं के सेट से उन्होंने दुल्हन के लिबास में सजी अंगूरी भाभी का लुक शेयर किया था. ये लुक भी खूब पसंद किया जा रहा है.

बता दें कि इस सीरियल से शिल्पा शिंदे के बाद भाबी जी घर पर हैं की जान चली गई थी, लेकिन इस शो को दोबारा टीआरपी की रेस में शामिल करने का क्रेडिट जाता है शुभांगी अत्रे को. शुभांगी ने ना केवल शिल्पा के किरदार को बखूबी संभाला बल्कि दर्शकों का प्यार भी हासिल किया. शिल्पा शिंदे की पॉपुलैरिटी को देखते हुए अंगूरी भाभी के किरदार में उतरना कोई छोटी बात नहीं थी.